5

हमारी फसलें-1

तुम्हारे गांव या शहर के आसपास के खेतों में कई प्रकार की फसलें पैदा की जाती होंगी। इस परिभ्रमण में हमारा उद्देश्य होगा कि हम अपनी फसलों के बारे में अधिकतम जानकारी इकट्ठी करें। विशेषकर हम अपना ध्यान फसलों के प्रकार, उनके उपयोग, खाद, बोनी और दावन के समय व तरीके, बीज की बनावट इत्यादि पर लगाएंगे। विभिन्न गुणधर्मों के आधार पर फसलों का समूहीकरण भी करेंगे।

समय यह परिभ्रमण खरीफ के मौसम में करना है। इसके लिए अगस्त या सितंबर का महिना ठीक रहेगा। इस परिभ्रमण के लिए ऐसा समय चुनो जब अधिकतर फसलों में फूल लगे हों।

तैयारी इस परिभ्रमण की तैयारी उसी तरह करनी है जैसे परिभ्रमण – 1 में की थी। पौधों के विभिन्न अंग इकट्ठे करने के लिए प्रत्येक टोली एक झोला, गीला कपड़ा, रद्दी कागज, लिफाफे आदि बटोर ले। साथ में अपनी कापी और हैंडलेंस भी रख लो।

कोशिश करो कि परिभ्रमण में तुम्हारे साथ ग्रामसेवक या कृषि विस्तार अधिकारी भी चलें।

संग्रह हरेक फसल की पत्तियां, फूल और बीज या फल कागज में दबाकर सुखाओ। यदि पौधा छोटा हो तो उसे पूरा ही रख लो। हर नमूने के साथ उसका नाम व उसके बारे में मोटी-मोटी जानकारी भी लिखो। इस संग्रह को संभाल कर रख लो – यह बाद में प्रदर्शनी लगाने के काम आएगा।

सर्वेक्षण

परिभ्रमण में तुम टोलीवार अपने गांव या शहर के पास के पांच-दस किसानों के खेतों में जाकर उनसे उनके खेतों में पैदा की जाने वाली फसलों के बारे में जानकारी इकट्ठी करो । अपने सर्वेक्षण में कोशिश करो कि सिंचित व असिंचित दोनों प्रकारों की खेती करने वाले किसान शामिल हों ।

1. फसलों के नाम एवं उनके प्रकार – बोई गई प्रमुख फसलों के नाम जानकर यह भी पता लगाओ कि वे अनाज वाली, दलहन, तिलहन या नगदी फसलें हैं । उन फसलों का भी पता लगाओ जिनका उपयोग किसान हरे चारे या हरी खाद के रूप में करते हैं ।
2. सब्जियां एवं फल ।
3. बोई जाने वाली किस्मों के नाम ।
4. फसल पकने की अवधि ।
5. बोनी, कटाई, दावन एवं उड़ावनी के तरीके ।
6. उत्पादन प्रति एकड़ ।
7. सबसे अधिक क्षेत्र में पैदा की जाने वाली तीन फसलों के नाम ।
8. फसल संबंधी अन्य जानकारी जो तुम पता कर सको ।

किसानों से ली गई जानकारी को तालिका – 1 में भरो । (1)

तालिका – 1

क्रमांक	किसान का नाम	सिंचाई का साधन	बोई गई प्रमुख फसलों के नाम	फसल का प्रकार	किस्म के नाम		फसल पकने की अवधि	उत्पादन प्रति एकड़	अन्य जानकारी
					देसी	उन्नत			
1			(क)						
			(ख)						
			(ग)						
			(घ)						
2			(क)						

समूह बनाओ सर्वेक्षण के आधार पर खरीफ में बोई जाने वाली तुम्हारे क्षेत्र की फसलों के निम्नलिखित समूह बनाओ –

दलहन फसलें
तिलहन फसलें
अनाज वाली फसलें
नगदी फसलें
साग-सब्जियां
हरे चारे की फसलें
हरी खाद की फसलें । (2)

इसी प्रकार तुम और गुणधर्म सोचो और फसलों के समूह बनाओ । (3)

घर पर करने के लिए इन फसलों के बारे में शुरू से लेकर फसल तैयार होने तक किए जाने वाले किसानी कार्यों की जानकारी भी प्राप्त करो और प्रत्येक को रेखाचित्र द्वारा समझाओ । यहां सोयाबीन की खेती का रेखाचित्र दिया जा रहा है ।

सोयाबीन की खेती

वर्षा के पूर्व बखर द्वारा तैयारी ।	उन्नत किस्म के बीज लाकर उनकी सफाई, छंटाई ।	पहली वर्षा के बाद बैक्टीरिया कल्चर से बीजोपचार एवं दुफन द्वारा बोनी तथा खाद देना ।	खरपतवार होने पर हाथ या कुल्पे (डोरे) द्वारा निंदाई।	इल्ली लगने पर कीटनाशक दवा का छिड़काव ।
साफ की गई सोयाबीन को बोरों में बंद करना ।	हाथ या मशीन द्वारा उड़ावनी	बैलों द्वारा दावन	बैलगाड़ी से खलिहान तक	फसल पकने पर हंसिये द्वारा कटाई ।

इस प्रकार तुम अन्य फसलों के रेखाचित्र बनाओ ।

विशेष प्रयास

ऐसे रेखाचित्रों को तुम बड़े कागज या पुष्टे पर चित्रों से सजाकर अपने घर या कक्षा में लगा सकते हो ।

नए शब्द :

सर्वेक्षण	दलहन फसलें	हरी खाद
दावनी	संग्रह	तिलहन फसलें
रासायनिक खाद	उड़ावनी	कीटनाशक
उन्नत नस्ल	खरपतवार	नगदी फसलें
रेखाचित्र	बीजोपचार	खरीफ
दुफन	कुल्पा	